# श्रावण हरियाली अमावस्या के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम

## रिपोर्ट

दिनांक 12 अगस्त 2026 को श्रावण हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर श्री गुजराती समाज बी.एड. महाविद्यालय, इंदौर में पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के निर्माण तथा शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य **डॉ. किरण दम्मानी** ने की तथा **श्री राजेश भाई धरमसी विशेष अतिथि** के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एड. के शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पारिजात, बोगनवेलिया, रबर प्लांट तथा अन्य पुष्पीय एवं सजावटी पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व से अवगत कराया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।



पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी




महाविद्यालय परिसर में पारिजात का रोपण करते हुए शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी

इस अवसर पर विशेष अतिथि श्री राजेश भाई धरमसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किरण दम्मानी ने कहा कि "एक शिक्षक का दायित्व केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना भी है। शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समाज को भी इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए।"

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर निधि सिन्हा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दीपा कुमारी द्वारा सभी अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षकगण, अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकीय एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में सहभागिता निभाई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






श्री राजेश भाई धरमसी व शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी पौधारोपण करते हुए

कार्यक्रम संयोजक
स. प्रा. कीर्ति यादव

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी
स. प्रा. अपर्णा रघुवंशी

प्राचार्य
डॉ. किरण दाम्मानी